# बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना–800001

## अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

बिहार लोक सेवा आयोग, पटना में कार्यालय उपयोग हेतु उच्च मानक के दो हैवी ड्यूटी फोटो स्टेट मशीन (प्रति मिनट 50 से 60 कॉपी स्पीड की क्षमतायुक्त) किराये पर लगाने हेतु इच्छुक फर्मों/व्यक्ति से (जिन्हें किसी सरकारी संस्थान/प्रतिष्ठित संस्थान में फोटो स्टेट का कार्य करने का अनुभव हो) नियमानुसार मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

**फोटो स्टेट मशीन लगाने की शर्तें निम्नवत् हैं :–**

1. फोटो स्टेट मशीन का ऑपरेटर फोटो स्टेट मशीन स्थापित करने वाले फर्म द्वारा अपने खर्च पर रखा जायेगा।
2. फोटो स्टेट हेतु कागज (अच्छी क्वालिटी) भी फोटो स्टेट मशीन स्थापित करने वाले फर्म द्वारा ही दिया जायेगा।
3. फोटो मशीन का रख–रखाव भी फोटो स्टेट मशीन स्थापित करने वाले फर्म द्वारा ही अपने खर्च पर किया जायेगा।
4. फोटो स्टेट कार्य हेतु स्थान एवं बिजली की व्यवस्था आयोग कार्यालय द्वारा निःशुल्क प्रदान किया जायेगा।
5. फोटो स्टेट मशीन का चालन/संचालन सामान्य कार्य दिवस में प्रातः 9.30 बजे से संध्या 6.00 बजे तक करना होगा। इसके अतिरिक्त, विशेष परिस्थिति में अवकाश के दिन भी कार्य लिया जायेगा तथा उक्त अवधि से अधिक भी कार्य लिया जा सकेगा। तदालोक में सूचना दिये जाने पर अवकाश के दिन भी ऑपरेटर उपलब्ध कराना होगा। किसी परिस्थिति में ऑपरेटर अनुपस्थित न हो कि वैकल्पिक व्यवस्था रखनी होगी कि पूर्ण जिम्मेवारी फर्म की होगी।
6. फोटो स्टेट मशीन मानक कम्पनी/ब्राण्ड की होनी चाहिए, जिससे स्पष्ट एवं उच्च गुणवता का फोटो स्टेट किया जा सके।
7. फर्म को पैन कार्ड एवं आधार कार्ड की स्वअभिप्रमाणित फोटो कॉपी तथा स्वच्छता प्रमाण पत्र (काली सूची में दर्ज नहीं है से संबंधित Notorized Affidavit) शपथ पत्र मूल रूप में देनी होगी।
8. बिहार सरकार के वाणिज्य कर विभाग द्वारा निर्गत जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन का प्रमाण पत्र एवं अद्यतन जी.एस.टी. रिटर्न एवं अद्यतन तीन वर्षो का आयकर रिटर्न की स्वअभिप्रमाणित फोटो कॉपी देनी होगी।
9. निविदा दाता को किसी सरकारी संस्थान/कार्यालय में उक्त प्रकृति का कार्य करने का न्यूनतम तीन वर्षो का अनुभव होना चाहिए तथा इससे संबंधित कार्यादेश/प्रमाण की स्वअभिप्रमाणित फोटो कॉपी निविदा आवेदन के साथ संलग्न करेंगे।
10. कार्योपरान्त विपत्र का भुगतान नियम एवं शर्तों के अनुरूप किया जायेगा।
11. फोटो स्टेट लगाने वाले फर्म/व्यक्ति को अग्रधन राशि के रूप में 25,000/–रूपये का Bank Draft "Secretary, Bihar Public Service Commission, Patna" के नाम से निविदा आवेदन के साथ जमा करना होगा। निविदा की कार्रवाई के उपरान्त न्यूनतम दर के फर्म को छोड़कर अन्य सभी फर्म/व्यक्ति की अग्रधन/जमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट उन्हें लौटा दिया जायेगा। न्यूनतम दर के फर्म के साथ अग्रधन की राशि जमानत राशि के रूप में रखते हुए एकरारनामा किया जायेगा।
12. निविदादाताओं को उक्त शर्तो के साथ प्रति फोटो कॉपी (A-4 साईज) करने का दर देना होगा।
13. फोटो स्टेट कार्य की अवधि निविदा उपरांत कार्यादेश निर्गत की तिथि से अगले दो वर्ष की होगी परन्तु दो वर्ष की अवधि के दौरान यदि कार्य असंतोषजनक पाया जाता है तो उक्त फर्म (L-1) को दिये गये कार्यादेश रद्द करने तथा दूसरे सबसे न्यूनतम दर उपलब्ध कराने वाले फर्म (L-2) को L-1 के दर पर कार्यादेश दिये जाने का अधिकार सचिव, बिहार लोक सेवा आयोग के पास सुरक्षित रहेगा। कार्य संतोषजनक पाये जाने की स्थिति में अवधि का विस्तार अगले एक–एक वर्ष के लिए किया जायेगा।
14. इच्छुक फर्म/व्यक्ति, भरा हुआ आवेदन पत्र दिनांक–18.10.2024 को 05:00 बजे अपराह्न तक मुहरबंद लिफाफा में अधोहस्ताक्षरी को वित्तीय निविदा प्रपत्र 'ख' में अपने दर के साथ अलग सिल्ड लिफाफा में डालकर इसे तकनीकी निविदा प्रपत्र 'क' के साथ उक्त राशि का बैंक ड्राफ्ट, पहचान पत्र एवं पैन कार्ड, आधार कार्ड की छाया प्रति तथा स्वच्छता प्रमाण पत्र (काली सूची में दर्ज नहीं है से संबंधित) का शपथ पत्र मूल रूप में, सरकारी कार्यालय में कार्य करने का तीन वर्षों का अनुभव प्रमाण पत्र, अद्यतन तीन वर्षो का आयकर रिटर्न एवं जी.एस.टी. रिटर्न, जी.एस.टी. निबंधन प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ समर्पित करेंगे। लिफाफा के उपर "फोटो स्टेट मशीन लगाने हेतु निविदा आवेदन" स्पष्ट रूप से अंकित किया जाए।
15. निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त निविदाओं को दिनांक–22.10.2024 को 11:30 बजे पूर्वाह्न में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में आयोग के निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी, जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। बिना कारण बताये निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत/रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

3/10/2024

सचिव,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।

## बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

निविदा प्रपत्र 'क' (तकनीकी)

1. प्रतिष्ठान का नाम :.............................................................................................

2. प्रोप्राइटर का नाम :

   हिन्दी में :.............................................................................................

   अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में : .............................................................................................

3. पत्राचार का पता : .............................................................................................

   : .............................................................................................

   : .............................................................................................

   : .............................................................................................

   फोन नं॰ : .............................................................................................

4. वर्त्तमान में किसी सरकारी संस्थान/ प्रतिष्ठित फर्म में फोटो स्टेट का कार्य कर रहे है का नाम (प्रमाण पत्र संलग्न करें) :.............................................................................................

5. फोटो स्टेट मशीन का मॉडल एवं नाम :.............................................................................................

6. फोटो स्टेट करने की स्पीड (प्रति मिनट):.............................................................................................

7. अग्रधन राशि का ब्यौरा–बैंक का नाम : .............................................................................................

   बैंक ड्राफ्ट संख्या : .............................................................................................

   तिथि : .............................................................................................

   राशि : .............................................................................................

8. आधार कार्ड संख्या : .............................................................................................

9. पैन कार्ड संख्या : .............................................................................................

10. स्वच्छता प्रमाण पत्र (काली सूची में दर्ज नहीं है से संबंधित Notorized Affidavit) का शपथ पत्र मूल रूप में, अनुभव प्रमाण पत्र, : ....
अद्यतन तीन वर्षों का आयकर रिटर्न, अद्यतन GST रिटर्न, GST निबंधन प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड तथा पैन कार्ड की प्रति संलग्न कर दी गयी है।

### घोषणा

मैं ...................................................... एतद् द्वारा घोषणा करता हूँ कि उपरोक्त सभी कथन/तथ्य सत्य है। मेरे द्वारा समर्पित निविदा दस्तावेज में किसी प्रकार की भूल/त्रुटि या गलत तथ्य पाये जाने पर मेरे निविदा दस्तावेज को स्वीकृत/रद्द करने के लिए एवं अग्रधन की राशि जब्त करने के लिए आयोग स्वतंत्र है। कार्यादेश प्राप्त होने के 07 (सात) दिनों के अन्दर कार्य प्रारंभ किया जायेगा।

दिनांक .....................................

स्थान .....................................

निविदादाता का हस्ताक्षर

## बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

निविदा प्रपत्र 'ख' (वित्तीय)

1. प्रतिष्ठान का नाम :........................................................................................

2. प्रोप्राइटर का नाम :

हिन्दी में :........................................................................................

अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में : ........................................................................................

3. पत्राचार का पता : ........................................................................................

: ........................................................................................

: ........................................................................................

: ........................................................................................

फोन नं॰ : ........................................................................................

4. निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित प्रति कॉपी फोटो स्टेट की दर (कागज, ऑपरेटर, मशीन मेंटेनेंस एवं अन्य सभी कर सहित)

| |
|---|
| |

### घोषणा

मैं ........................................................ एतद् द्वारा घोषणा करता हूँ कि उपरोक्त सभी कथन/तथ्य सत्य है। मेरे द्वारा समर्पित निविदा दस्तावेज में किसी प्रकार की भूल/त्रुटि या गलत तथ्य पाये जाने पर मेरे निविदा दस्तावेज को स्वीकृत/रद्द करने के लिए आयोग स्वतंत्र है।

दिनांक ......................................

स्थान ......................................

निविदादाता का हस्ताक्षर

<u>बिहार लोक सेवा आयोग, पटना</u>

निविदा प्रपत्र– 'ग' (नियम एवं शर्तों की विवरणी)

| | | |
|---|---|---|
| 1. निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का पदनाम | : | सचिव, बिहार लोक सेवा आयोग, पटना। |
| 2. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | : | निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा दिनांक 18.10.2024 को अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 3. निविदा प्राप्त करने का स्थान | : | पूछ–ताछ शाखा, बिहार लोक सेवा आयोग, 15, नेहरू पथ, पटना। |
| 4. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान | : | दिनांक 22.10.2024 को पूर्वाह्न 11:30 बजे सचिव के कार्यालय कक्ष में। |
| 5. अग्रधन की राशि | : | 25,000/– रू० मात्र सचिव, बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के पदनाम से बैंक–ड्राफ्ट के रूप में देय एवं पटना में भुगतेय। |
| 6. कार्य का ब्यौरा | : | बिहार लोक सेवा आयोग, पटना कार्यालय में उच्च मानक के दो हैवी ड्यूटी फोटो स्टेट मशीन (50–60 कॉपी प्रति मिनट की क्षमता) का अधिष्ठापन। |

7. निविदा के साथ आवश्यक संलग्नक :–

(i) अद्यतन तीन वर्षों का आयकर रिटर्न, अद्यतन GST रिटर्न, GST निबंधन प्रमाण–पत्र एवं सरकारी कार्यालय में कार्य करने का तीन वर्षों का अनुभव प्रमाण–पत्र, स्वच्छता प्रमाण–पत्र (फर्म के काली सूची में दर्ज नहीं है से संबंधित Notorized Affidavit) का शपथ पत्र मूल रूप में, आधार कार्ड, पैन कार्ड की प्रति संलग्न करना होगा।

(ii) अग्रधन की राशि का बैंक–ड्राफ्ट

8. अन्य शर्तों :–

(क) जिन्हें कार्यादेश देने का निर्णय होगा, उन्हें कार्यादेश प्राप्ति के 07 (सात) दिनों के अन्दर कार्य प्रारंभ करना होगा। उक्त समय सीमा के अंदर कार्य प्रारंभ नहीं करने पर उन्हें दिया गया कार्यादेश निरस्त करते हुए दूसरे सबसे न्यूनतम दर वाले फर्म को कार्य दे दिया जाएगा तथा अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी।

(ख) आयोग के सचिव को फर्म (L-1) द्वारा कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने की स्थिति में दिये गये कार्यादेश को निरस्त करते हुये दूसरे सबसे न्यूनतम दर उपलब्ध कराने वाले फर्म (L-2) को (L-1) के दर पर कार्य देने का पूर्ण अधिकार होगा।

(ग) निर्धारित अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त निविदा/निविदाओं को अस्वीकृत कर दिया जायेगा।

(घ) आयोग के सचिव को "बिना कारण बताये निविदा रद्द करने" का पूर्ण अधिकार होगा।

(ड॰) सफल निविदा प्राप्तकर्त्ता को स्वीकृत दर पर अगले 02 (दो) वर्ष की अवधि के लिए उपरोक्त प्रकृति का कार्य नियम, शर्तों तथा उच्च मानक के अनुपालन करते हुये करना होगा।

3/10/2024

सचिव

बिहार लोक सेवा आयोग,पटना।

मैं ............................................. एतद् द्वारा घोषणा करता हूँ कि उपरोक्त सभी कथन सत्य है एवं निविदा की शर्त्तों के अनुसार कार्य सम्पादित करूँगा। किसी प्रकार की भूल/त्रुटि होने एवं निविदा की शर्त्त के विरूद्ध कार्य सम्पादित होने पर, आयोग, निविदा रद्द करने एवं अग्रधन की राशि जब्त करने के लिए स्वतंत्र होगा। कार्यादेश प्राप्त होने के 07 (सात) दिनों के अन्दर कार्य प्रारंभ किया जायेगा।

निविदादाता का हस्ताक्षर